Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 18-08-2006

Participants : Mohale Shri Punnulal

an>

Title : Need to provide air services at Chakarmatha airport in Bilaspur district of Chhattisgarh.

श्री पुन्नूलाल मोहले (बिलासपुर) : सभापति महोदय, छत्तीसगढ़ राज्य के बिलासपुर जिले में चक्रभाठा नवीन हवाई पट्टी बन गई है। मैं बिलासपुर जिले में चक्रभाठा हवाई पट्टी में हवाई जहाज की नयी सेवा प्रारम्भ करने की केन्द्र सरकार से मांग करता हूं। इस विाय पर मैं कहना चाहूंगा कि बिलासपुर मेरा संसदीय क्षेत्र है और वहां एनटीपीसी का कारखाना भी है। बिलासपुर हाईकोर्ट है और बिलासपुर औद्योगिक नगरी भी है। बिसपुर राजधानी से लगा हुआ क्षेत्र है, कोल माइंस का मुख्यालय है और वहां रेलवे जौन का आफिस भी है। कोरबा में विद्युत तापगृह है। इन सब को देखते हुए, आवागमन सुविधा को ध्यान में रखते हुए हवाई सेवा की आ वश्यकता है। लोगों की मांग पहले से है। आठ-दस साल पहले 16 सीटर वायुदूत प्रारम्भ की गई थी, उसे अचानक बंद कर दिया गया। यात्रियों में भीड़ बढ़ रही है। राजधानी रायपुर में हवाई जहाज सेवा प्रारम्भ है और वहां दो जहाज चलते हैं - एक आठ बजे चलता है और एक 8-55 पर एयरलाइंस का चलता है। वहां एयरडेकर भी चल रहा है, परन्तु बिलासपुर सेवा प्रारम्भ नहीं है। बिलासपुर में पूर्णत: हवाई पट्टी बन चुकी है और वहां बहुत से हवाईजहाज आते जाते हैं - चाहे प्रधानमंत्री जी आए हो, राज्यपाल जी या राट्रपति जी या अन्य कोई हो। व्यापारिक दृटिकोण से हवाई सेवा बिलासपुर के चक्रभाठा हवाई पट्टे से प्रारम्भ की जाए।

सभापति महोदय, मैं केन्द्र सरकार से मांग करूंगा कि इस काम को यथाशीघ्र किया जाए। रायपुर में जो दो हवाई सेवा एक घंटे के गेप में दी जा रही हैं, उसमें से एक भुवनेश्वर होकर आती है और दूसरी विशाखापटनम और बॉम्बे होकर जाती है, उस सेवा को बिलासपुर में भी प्रारम्भ करके दोनों लिंक जुड़ सकते हैं, इससे हवाई सेवा में पूरे सहभागी बनेंगे, जिससे वहां के लोगों को आवागमन की हवाई सुविधा प्राप्त हो। बिलासपुर चकरभाठा हवाई पट्टी में हवाई सेवा प्रारम्भ करने की केन्द्र सरकार से मांग करता हूं।